## सार-समाचार

### प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह 12 को

**जालोर**, (कासं)। समस्त प्रजापति समाज का संभाग स्तर का प्रतिभावान सम्मान समारोह 12 जनवरी को समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान तत्वावधान में जसवंतपुरा में श्री मारू प्रजापत छात्रावास में होगा। समारोह में जालोर , पाली , सिरोही और सांचौर के प्रतिभा का सम्मान किया जाएगा। संस्थान के महेन्द्र राठौड ने बताया कि समारोह में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले दशवी , बारहवीं , स्नातक, स्नाकोत्तर और अन्य डिग्री डिप्लोमा और नव चयनित राजकीय कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में 500 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत से हजारों की संख्या में समाजबंधु भाग लेंगे । समारोह में सभी भामाशाहों का बहुमान किया जाएगा । समारोह के लिए समाजबंधुओं को आमंत्रण दिया जा रहा है । पत्रिका का विमोचन किया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा । समारोह का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया जाएगा तत्पश्चात विद्यार्थियों का सम्मान , अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन और अंत में भोजन प्रसाद का कार्यक्रम होगा। समारोह को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटिया का गठन किया गया है । समारोह की तैयारियों के लिए संस्थान के संयोजक ललित मेडतिया सुमेरपुर ,अध्यक्ष कैलाश कुमार एडवोकेट बाली, सचिव रमेश मुलेवा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोरा शिवगंज, उपाध्यक्ष महेन्द्र राठौड एडवोकेट जालोर , दिनेश ओसवाल जालोर, प्रशांत मालवीया भीनमाल, दिनेश परिहार, राजेश मालवीया शिवगंज, सुरेश परमार, छगन रामिणा सुमेरपुर, रमेश प्रजापत सांचौर जूटे हुए है ।

### ओटवाला में वार्षिकोत्सव मनाया

**सायला**, (निसं)। सायला के निकटवर्ती ओटवाला स्थित दहिया वंश की कुलदेवी कैवायमाता एवं खेतलाजी महाराज मंदिर में सोमवार को दहिया अमरसिंहजी परिवार द्वारा धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव को लेकर सवेरे से ही समाजबंधुओ का सजधज कर मंदिर परिसर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वार्षिक ध्वजा के लाभार्थी पन्नेसिंह पुत्र सवसिंह दहिया एवं मांगसिंह पुत्र समेलसिंह दहिया परिवार अपने निवास स्थान से ढोल ढमाकों के साथ नाचते झूमते हुए ध्वजा लेकर मन्दिर पहुंचे। जहां पंडित हंजारीमल त्रिवेदी एवं पंडित कन्हैयालाल त्रिवेदी द्वारा विधिवत पूजन करवाया गया। इसके बाद शुभ मुहूर्त में मंदिर शिखर पर वार्षिक ध्वजा चढाई गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर कैवायमाता एवं खेतलाजी महाराज के जयकारो से गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ एवं बाल भोग चढ़ाया गया। इस मौके धर्मसभा एवं प्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें बडी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । निकटवर्ती मथानिया के तिंवरी कस्बा क्षेत्र में कार चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस बारे में उसके पुत्र की तरफ से कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।मथानिया पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर वैष्णव कॉलोनी तिंवरी निवासी राजूराम भार्गव की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पिता रामचंद्र भार्गव बाइक लेकर तिंवरी शांति नगर इलाके से निकल रहे थे। तब एक कार चालक प्रेमपुरी ने गाड़ी को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी, जिस पर वे घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के बीच उनकी मौत हो गई। मथानिया पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। मामले में अठिाम जांच जारी है।

### फैक्ट्री श्रमिक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। सांगरिया स्थित महावीर नगर में किराए पर रहने वाले एक श्रमिक ने फै क्ट्री परिसर के कमरें में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। इस बारे में उसके मामा की तरफ से बासनी थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बासनी पुलिस ने बताया कि मूलतः पाली जिले के देसूरी स्थित नारलाई का मुराद खां पुत्र गनी खां यहां एक अलमारी फैक्ट्री में काम करता था और फैक्ट्री परिसर में एक कमरें में रहता था। उसने फैक्ट्री परिसर के कमरें में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। उसके मामा नारलाई देसूरी निवासी मोहम्मद सलीम ने इस बारे में मर्ग में रिपोर्ट दी। शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

### राहगीर को कार ने टक्कर मारी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती डालीबाई सर्किल रोड पर पैदल राहगीर को कार चालक ने चपेट में लेकर उछाल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस बारे में अज्ञात कार चालक के खिलाफ राजीव गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दी गई है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि फलोदी जिले के खेतसागर जेठानिया निवासी सत्यप्रकाश जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि रात्रि के समय डालीबाई सरिर्कल के पास अज्ञात कार चालक ने सडक़ पार कर रहे उसके भाई को चपेट में लेकर उछाल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार का चालक वहां से फरार हो गया। राजीव गांधी नगर पुलिस के अनुसार कार चालक का पता लगाने का प्रयास जारी है।

### मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज

**पाली**, (नि.सं.)। अर्हता दिनांक एक जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 7 जनवरी को किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाली डॉ बजरंगसिंह ने बताया कि मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन दिनांक 07 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे जिला कलक्टर कार्यालय में होगा। इसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को व मीडीया को जानकारी दी जायेगी। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रतियां भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

### विरमाराम का फ्री स्टाईल कुश्ती में चयन

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के रानीवाडा तहसील के जाखडी गांव के विरमाराम पुत्र दानाराम का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कुश्ती संघ ओलंपिक पद्धति जालोर के अध्यक्ष महेंद्र मुनौत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने बताया कि यह कुश्ती प्रतियोगिता गुरु काशी यूनिवर्सिटी पंजाब मे आयोजित हो रही है । प्रतियोगिता मे विरमाराम 61किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती मे अपना हुनर बताएंगे। वह वर्तमान मे जे जे टी यूनिवर्सिटी झुंझुनू में अध्यनरत है। उनके चयन पर खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# गोवंश का सिर मिलने के मामले में दो आरोपी हिरासत में

- शनिवार को मथानिया सर्किल के पास धनलक्ष्मी रेस्टोरेंट के पास गोवंश के शरीर के अंश पड़े मिले थे
- कौम नागौरी तेलियान पंचान समिति तिंवरी ने आरोपियों को समाज से बेदखल कर दिया

**जोधपुर**, (कासं)। गोवंश का सिर मिलने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामले को लेकर मुस्लिम समुदाय ने पुलिस को धन्यवाद देते हुए दोनों आरोपियों और उनके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया है।

शनिवार को मथानिया सर्किल के पास सुबह 8 बजे धनलक्ष्मी रेस्टोरेंट के पास गोवंश के शरीर के अंश पड़े मिले थे। इसके बाद हिंदू संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौके पर पहुंचे। गोवंश के अंश झाड़ियों में पड़े देख आक्रोशित हो गए थे। इसके बाद बजरंग दल के जिला विशेष संपर्क प्रमुख देवेंद्र गोयल ने मथानिया थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दी थी। मथानिया पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पकड़ लिया।

कौम नागौरी तेलियान पंचान समिति तिंवरी ने एक लेटर जारी कर कहा है कि समाज को दोनों की गिरफ्तारी से कोई आपत्ति नहीं है। वे हिन्दू समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। मामला जोधपुर के तिंवरी के मथानिया थाना इलाके का शनिवार सुबह 8 बजे का था। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर ही हिरासत में ले लिया। इसके बाद आज उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। मथानिया थाना राजेंद्र सिंह चारण ने बताया कि मामले को लेकर आरोपी साउद और अकरम को तिंवरी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। साउद मजदूरी करता है और अकरम ड्राइवर है। चारण ने बताया कि पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए दोनों आरोपियों को उनके घर से ही दबोचा। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपियों की पहचान की थी। घटना के बारे में मालूम चलते ही तिंवरी के कौम नागौरी तेलियान पंचान समिति तिंवरी ने लेटर जारी कर आरोपियों को समाज से बेदखल कर दिया। लेटर में लिखा- इस घटना से मुस्लिम समाज तिवरीं को गहरा दुख है और हिंदू समाज के धर्मिक आस्था को गहरी ठेस पहुंचाने वाले इन आवारा युवकों पर कार्रवाई हो।

कौम नागौरी तेलियान पंचान समिति तिवरी के अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल ने बताया कि हमारा समाज ऐसे असामाजिक तत्वों को बढावा नहीं देता। हमने सर्वसम्मति से आरोपी साउद व अकरम व उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत करने का निर्णय लिया है।

## पाली में अमृता हाट मेला जारी

**पाली**, (नि.सें.)। शहर के बांगड़ स्कूल के खेल मैदान में 2 से 8 जनवरी 2025 तक चल रहे अमृता हाट के पांचवे दिन सोमवार को खरीददारों का जमावड़ा लगा रहा। लोग खरीदारी के लिए परिवार सहित दिनभर आते रहे।

महिला अधिकारिता विभाग उप निदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि बांगड स्कूल के खेल मैदान में कुछ चीजे मुख्य आकर्षक का केंद्र बन चुकी है। विशेषरूप से भरतपुर के लेदर बेग, जयपुर की रंग बिरंगी चमड़े की जुलिया, चीनी मिटी के कप, जयपुर के गर्म कपडे, बीकानेर की दरियों की खरीद लोग जमकर कर रहे है।

उन्होंने बताया कि मेले में जिले के सोजत, रायपुर, रोहट आदि से भी लोग हाट देखने आ रहे है और खरीददारी कर रहे है। मेले में नरेंद्र देवड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक ने कॉप सिटिजन एप और कानून के बारे मैं लोगों को जानकारी दी। साथ ही पुलिस विभाग से डिम्पल कवर ने भी मेले में आए लोगो को कानून के बारे में बारे में बताया। मेले में ठााहकों द्वारा न्यूनतम 500 रूपये मूल्य की किसी सामग्री की खरीददारी पर लाटरी द्वारा कूपन निकाल कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता ग्ररहक को 500,400,300 रुपये की सामग्री की खरीददारी विभाग के स्तर से निःशुल्क करवाई जा रही है। आज मेले में विभाग से तारा देवी, देवी बामनिया, प्रियंका व्यास, नैनी देवी और कविता परिहार और विक्रम चौधरी के सहयोग से मेले में आये स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के लिए म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेले में नैनी देवी, कविता परिहार सुपरवाइजर महिला अधिकारिता ने ब्लॉक से आई साथिनो के साथ खरीदारी की और साथिनों की मीटिंग ली। उपनिदेशक ने बताया कि उद्देश्य है कि महिला समूहों को सुदृढ़ करना है ताकि वे प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में अपने उत्पादों की पहचान कायम कर सके, उन्हें आर्थिक सम्बल मिले।

## दो दिवसीय ज्ञानशाला ज्ञानार्थी शिविर लगाया

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा के न्यू तेरापंथ भवन में मुनि यशवंत कुमार व मुनि मोक्ष कुमार के सानिध्य में एवं शासनश्री साध्वी सत्य प्रभाजी ठाणा 4 की प्रेरणा से दो दिवसीय ज्ञानशाला ज्ञानार्थी शिविर का आयोजन किया।

मुख्य प्रशिक्षिका रानी बाफना ने बताया कि प्रथम दिन प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मुनि द्वारा नमस्कार महामंत्र से किया गया। ज्ञानशाला के बच्चों के द्वारा ज्ञानशाला गीत के माध्यम से मंगलाचरण किया गया।

सभा अध्यक्ष महेंद्र वेद मेहता ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया । ज्ञानशाला संयोजक मोहन बाफना ने ज्ञानार्थियों को संस्कार ज्ञान देते हुए कहा कि सभी बच्चे शिशु संस्कार की एग्जाम की अच्छी तैयारी करें। मुनि यशवंत कुमार स्वामी ने फरमाया कि ज्ञानशाला बच्चों की संस्कार की शाला है । अगर बच्चों की नींव अच्छी होगी तो उनका भविष्य भी अच्छा होगा। बच्चे विनम्र वअनुशासित बने। झूठ नहीं बोलना, नकल नहीं करना आदि का बच्चों और प्रशिक्षकों को संकल्प करवाया। द्वितीय सत्र में जीवन विज्ञान प्रभारी ममता गोलेछा , लता चोपडा, ने जीवन विज्ञान संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया और साथ ही बच्चों को आसान ध्यान आदि भी प्रेक्टिकल रुप से करवाये। तृतीय सत्र में विविध एक्टिविटी में बच्चों को गेम्स भी करवाए गए। गेम्स के प्रभारी जीनल चोपडा दीपिका चोपडा ने बच्चों को गेम्स में नींबू रेस बैलेंसिंग गेम और चार गति की एक्टिविटी करवाई। तेरापंथ सभा मंत्री प्रकाश जी वेद मेहता ने पूर्व मुख्य प्रशिक्षक उर्मिला जी का मुख्य प्रशिक्षक पद पर 7 वर्ष काम करने पर आभार ज्ञापन किया और तेरापंथ सभा द्वारा उनका सम्मान किया गया।

द्वितीय दिन प्रथम सत्र में शिशु संस्कार के प्रभारी कविता जी सालेचा और सह प्रभारी नीतू जी श्री श्रीमाल के द्वारा स्क्च की एग्जाम की तैयारी हेतु बच्चों की शिशु संस्कार की प्री परीक्षा विशेष रूप से ओरिजिनल एग्जाम की तरह ली गई द्य अनुशासन प्रभारी सारिका जी बागरेचा ,संतोष देवी वेद मेहता और सुमन ने बच्चों को अनुशासन मैं रहना सिखाया तृतीय सत्र में हैंडराईटिंग कंपटीशन करवाया गया। सभी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। ज्ञानशाला प्रशिक्षक निकिता वडेरा का मंगल भावना कार्य म रखा गया। ज्ञानशाला परिवार द्वारा उनको सम्मानित भी किया गया।

दो दिवसीय ज्ञानशाला शिविर में इशिका जी सालेचा और रानी जैन ने मीडिया प्रभारी के रूप में सहभागिता दर्ज करवाई । अंत में आभार ज्ञापन सह प्रशिक्षक संगीता बोथरा ने किया।

कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद रौनक श्रीमाल, मंत्री हसमुखजी जीरावला महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला संकलेचा , ज्ञानशाला उप संयोजक संदीप रेहड, अयोध्या देवी ओस्तवाल ज्ञानशाला सदस्य पवन बालड, खुशाल डेलडयि ज्ञानशाला प्रशिक्षक परीक्षा केंद्र व्यवस्थापिका विमला सखलेचा आदि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन ज्ञानशाला प्रशिक्षक पिंकी सालेचा एवं नीतू कांकरिया ने किया। शिविर में लगभग 200 बच्चे और और लगभग 35 प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## पशु बीमा योजना के ऑनलाइन आवेदन मांगे

**बालोतरा**, (निसं)। प्रदेश में समस्त जनाधार कार्ड धारक पशुपालकों के मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजनान्तर्गत पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे है।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विनय मोहन खत्री ने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 अनुसार मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजनान्तर्गत पांच-पांच लाख दुधारू गाय, भैंस, भेड़, बकरी एवं एक लाख ऊँटों सहित कुल 21 लाख पशुओं का बीमा निःशुल्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत अपने पशुधन का बीमा कराने वाले इच्छुक जनाधार कार्ड धाकर पशुपालक 12 जनवरी, 2025 तक अपना ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल पर आप स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से कर सकते हैं। पशुधन बीमा के लिए निर्धारित संख्या से अधिक पशुपालकों का पंजीकरण होने की स्थिति में नियत तिथि तक ऑनलाइन पंजीकृत पशुपालकों की लॉटरी निकाली जाकर चयन किया जायेगा। योजना के तहत लॉटरी में चयनित पात्र एवं योग्य पशुपालकों को पशुधन का बीमा ही किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नियत अंतिम तिथि के पश्चात पोर्टल स्वतः ही बंद हो जायेगा।

## एच.एम.पी. वायरस से घबराए नहीं : सी.एम.एच.ओ.

- चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह वायरस वर्ष 2001 से मौजूद है, लेकिन रोगियों पर प्रभाव सामान्य रहा
- 'लक्षण हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं'

**पाली**, (नि.सं.)। पाली सी.एम.एच.ओ. डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि देश में कुछ राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के कुछ केस सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह वायरस वर्ष 2001 से मौजूद है, लेकिन रोगियों पर इसका प्रभाव सामान्य रहा है। इस वायरस से मौत का कोई मामला और चिंताजनक स्थिति सामने नहीं आई है। डॉ मारवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रोगों से ठासित व्यक्ति सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार आदि होने पर अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को इस वायरस के संबंध में सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें भी रपष्ट किया गया है कि यह वायरस घातक नहीं है। खांसी- जुकाम जैसे सामान्य लक्षणों के साथ सर्दी के मौसम में आमतौर पर कुछ केस इस वायरस के सामने आते रहे हैं, जिस कम में विगत कुछ माह में मार्च से दिसम्बर तक देशभर में 9 केस चिन्हित हुए हैं।

डॉ. मारवाल ने कहा है कि केंद्र सरकार के अनुसार एचएमपी वायरस का प्रसार वर्तमान में नगण्य है, लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर जिले सहित प्रदेशभर में चिकित्सा अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जांच, उपचार सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि मानव मेटा न्यूमोवायरस एक सांस की बीमारी है जो सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है, लेकिन विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए गंभीर हो सकती है। उन्होंने

के लक्षणों के बारे में बताया कि खांसी, जुकाम, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न, दस्त, उल्टी होने लगती है। उन्होंने बताया कि को सांस की बूंदों के माध्यम से फैलाया जाता है, जो किसी संक्रमित व्यक्ति द्वारा खांसने या छींकने के समय निकलता है। आप दूषित सतहों या वस्तुओं को छूने और फिर अपने मुंह, आंखों या नाक को छूने से भी संक्रमित हो सकते हैं।

के लिए कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, लेकिन अधिकांश लोग अपने आप ठीक हो जाते हैं। हालांकि, कुछ लोग गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो सकती है। उन्होंने से बचाव के बारे में बताया अपने हाथों को बार-बार धोएं, खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को ढकें, बीमार लोगों से दूर रहें, स्वस्थ खाद्य पदार्थ खाएं और नियमित रूप से व्यायाम करें, अपने घर को साफ और स्वच्छ रखें।

यदि आप या आपके बच्चे को के लक्षण हैं, तो अपने डॉक्टर से संपर्क करें। अगर आपको के कोई लक्षण हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## मंडिया रोड से सूरजपोल तक शोभायात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत के पाली में आयोजित हो रहे 60 वें प्रांत अधिवेशन के दूसरे दिन में पाली शहर में मंडिया रोड से सूरजपोल तक शोभायात्रा निकाली।

जोधपुर प्रांत के श्रीगंगानगर से सिरोही तक के कोने कोने से आई छात्र तरुणाई का पाली शहर में विभिन्न संगठनों एवं समाजसेवी व्यक्तियों द्वारा अलग अलग स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। सूरजपोल पर खुला मंच का आयोजित किया गया। जिसमें अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, प्रांत मंत्री कु. पूनम भाटी, बीकानेर महानगर मंत्री मेहुल शर्मा, जोधपुर महानगर मंत्री विशाल गौड़, नागौर जिला संयोजक पीयूष लोमरोड़, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के निवर्तमान छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद सिंह भाटी एवं कु. रेणु खारवाल ने राजस्थान की वर्तमान शैक्षिक स्थिति, सामाजिक परिदृश्य, महिला उत्पीड़न, स्वरोजगार, पर्यावरण की स्थिति को लेकर सभी छात्रनेताओं में भाषण रखे। ,

सरस्वती विद्यालय, बंजरग दल, विश्व हिंदू परिषद, सी.पी, आंजणा पटेल समाज, भाजपा सोमनाथ मंडल, नवीन वागोरिया, अक्षय पूरी, श्रीनाथ ग्रुप, खटीक समाज, भारत विकास परिषद, कुलदीप सिंह रुपावास, जोधाणा स्वीटस, राजपुरोहित छात्रावास, अविनाश गहलोत टीम, कुमावत समाज, फादर्स चिल्ड्रन स्कूल, कृष्ण विद्या मन्दिर, प्रजापत समाज, संजय ओझा, बार एसोसिएशन पाली, सुरेश चौधरी, कार्तिक सिंह रावलवास, दीपक सोनी आदि संगठनों एवं समाजसेवियों ने किया।





LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

एलआईसी के साथ अपना विकास सुनिश्चित करें

- तीन साल के लिए स्टाइपेंडरी स्कीम.
- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता: 10वीं पास से लेकर कोई भी उच्च शिक्षा.
- न्यूनतम पूर्ण आयु: आवेदन के समय 18 वर्ष.
- एजेंसी स्टाइपेंडरी अवधि में एवं उसके पश्चात नियमानुसार कमीशन के साथ जारी रहेगी.
- शर्तों के अधीन एलआईसी अपने एजेंट्स को कैरियर के अवसर भी प्रदान करती है.
- निर्दिष्ट मानदंडो की प्राप्ति पर आधारित स्टाइपेंडरी योजना

स्वावलंबी नारी, खुशहाली हमारी

LIC / M1/ 2024-25 / 32 / Hin

आवेदन के लिए, नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विज़िट करें

हमें फौलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

भ्रामक फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी वाले ऑफर्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई बीमा पॉलिसी बेचने या बोनस की घोषणा करने या प्रीमियम के निवेश जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होता. जनता से निवेदन है कि ऐसे फोन कॉल प्राप्त करने पर वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं. जोखिम घटकों, नियम व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री से पहले सेल्स ब्रोशर को ध्यानपूर्वक पढ़ लें.


# चार साल में केयर्न ने कार्बन निष्कासन में 2.29 लाख टन की कमी दर्ज की

**बाड़मेर**, (कासं)। बाड़मेर के थार रेगिस्तान सहित भारत के मुख्य तेल और गैस क्षेत्रों में सक्रिय केयर्न ऑयल एंड गैस, वेदांता ने वित्त वर्ष 24 के लिए सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट का तीसरा संस्करण जारी किया है। 2030 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कंपनी ने गत वर्ष एक लाख उन्नीस हजार टन कार्बन डाई ऑक्साइड की कमी के साथ, कंपनी ने चार साल की अवधि में अपने कार्बन उत्सर्जन में कुल 2.29 लाख टन की कमी दर्ज की है- जो 1.2 करोड से अधिक पेडों को बचाने के बराबर है।

नवंबर में केयर्न ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की प्रमुख मीथेन रिपोर्टिंग और शमन पहल - तेल और गैस मीथेन भागीदारी (ओजीएमपी) 2.0 के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ यह भारत में प्रभावी मीथेन उत्सर्जन प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध होने वाला पहला तेल और गैस उत्पादक बन गया। कंपनी की वित्त वर्ष 2024 की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट पर्यावरण, सामाजिक और शासन संबंधी प्राथमिकताओं में की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को रेखांकित करती है।

कंपनी ने मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिए पिछले चार वर्षों में संभावित गैस फ्लेयर वॉल्यूम में 60 प्रतिशत की कमी की है। केयर्न के परिवर्तनकारी सामुदायिक कार्यक्रमों ने वित्त वर्ष 2024 में 24.9 मिलियन लोगों के जीवन को बदलने में मदद की, जिससे पिछले चार वर्षों में इसका सामाजिक प्रभाव कवरेज 9192 मिलियन लोगों तक पहुंच गया। इसकी प्रमुख डिजिटल शिक्षा पहल, ई-कक्षा ने 2030 तक लक्षित 90 लाख से कहीं आगे बढकर लगभग 2 करोड 35 लाख छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच प्रदान की है।

वेदांता की गैर-कार्यकारी निदेशक और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बार के अनुसार, हमारे लिए सस्टेनेबिलिटी का अर्थ है समाज और पर्यावरण के प्रति गहरी जिम्मेदारी के साथ अपनी आर्थिक महत्वाकांक्षाओं का सामंजस्य स्थापित करना। मुझे हमारे तेल और गैस व्यवसाय द्वारा की गई प्रगति और 2030 तक नेट जीरो हासिल करने की दिशा में उनकी यात्रा में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को देखकर खुशी हो रही है। यह प्रगति पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक जुडाव और पारदर्शिता के साथ नेतृत्व करने पर हमारे अटूट फोकस को दर्शाती है - यह सुनिश्चित करते हुए कि हम आने वाली पीढयों के लिए लचीलापन और समृद्धि की विरासत छोड सकें।

कंपनी की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी करते हुए केयर्न ऑयल एंड गैस के मुख्य वित्तीय अधिकारी हितेश वैद ने कहा कि भारत को ऊर्जा प्रदान करने के 30 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हम आने वाले दशकों में भारत के ऊर्जा परिदृश्य में सतत परिवर्तन लाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

भारत के घरेलू कच्चे तेल उत्पादन में 50 प्रतिशत योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से जुडी हुई है। हमारी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट और चल रही पहल अच्छे के लिए बदलाव की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। पिछले कई वर्षों से हम साझा मूल्य बनाने और अपने प्रतिस्पर्धी लाभ को मजबूत करने में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखने के लिए उपायों को लागू करने में लगे हुए है।

## सार-समाचार

### भाजपा ने मंडल अध्यक्ष घोषित किए

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत सोमवार को जालोर, भीनमाल एवं रानीवाड़ा विधानसभा के मंडलों में मंडल अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कर नवीन मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर विधानसभा क्षेत्र के जालोर नगर मंडल में रवि सोलंकी, जालोर ग्रामीण मंडल में प्रेमाराम देवासी, उम्मेदाबाद मंडल में उत्तमचंद गर्ग, सायला मंडल में नैनमल लखारा, जीवाणा मंडल में तुलसाराम चौधरी एवं पौषाणा मंडल में रघुनाथसिंह राजपुरोहित की नियुक्तियां हुई। वही भीनमाल विधानसभा में भीनमाल नगर मंडल में प्रवीण दवे, रामसीन मंडल में छगनलाल घांची, नरसाणा मंडल में परबतसिंह भाडू का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। वही रानीवाडा विधानसभा में रानीवाडा मंडल रमेश आंजणा, जसवंतपुरा मंडल में भंवरसिंह राजपुरा, करडा मंडल में प्रकाश जांगू एवं बडगांव मंडल में बलवंत पुरोहित को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला संगठन मुख्य चुनाव अधिकारी विष्णू चेतानी ने बताया की प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित संगठन पर्व के अंतर्गत मंडल अध्यक्षों के चुनाव हुए, जिसमें निर्विरोध चुनाव संपन्न किया गया एवं जालोर, भीनमाल और रानीवाडा विधानसभा के मंडलों में नवीन मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौपी गई। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी विष्णू चेतानी, सह चुनाव अधिकारी वन्नेसिंह गोहिल, मुकेश खंडेलवाल सहित स्थानीय भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने नियुक्तियों पर खुशी जताई है।

### डोडा पोस्त व देशी कट्टे सहित दो पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने मादक पदार्थों एवं अवैध हथियारों की धरपकड़ करते हुए दो युवकों को पकड़ा है। एक युवक के पास में अवैध डोडा पोस्त जबकि दूसरे युवक से देशी कट्टा जब्त किया गया है। डोडा पोस्त बाड़े में छुपा कर रखा गया था। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त राजर्ष राजवर्मा ने बताया कि एडीसीपी वेस्ट निशान्त भारद्वाज व सहायक पुलिस आयुक्त वृत्त प्रतापनगर रविन्द्र बोथरा के सुपरविजन में सूरसागर थानाधिकारी मांगीलाल विश्नोई टीम द्वारा मादक पदार्थ एवं अवैध हथियारों की धरपकड़ की गई। थानाधिकारी मांगीलाल ने बताया कि कालीबेरी में अचलूराम का बाड़ा से रामड़ावास डांगियावास हाल कालीबेरी निवासी अशोक पुत्र हड़मानाराम विश्नोई से अवैध डोडा पोस्त 1.535 किलोग्राम बरामद किया गया। यह डोडा पोस्त उसने एक प्लास्टिक की थैली में डालकर छुपाया हुआ था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण बनाया गया।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में तेज रफ्तार पिकअप ने एक बाइक सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। गंभीर घायल वृद्ध को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाए। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बॉडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई। नगर थाने के ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि पाली शहर के नया गांव जगदम्बा कॉलोनी नया गांव निवासी 68 हेमाराम पुत्र हीराराम भाट बाइक लेकर आ रहे थे। इस दौरान 72 फिट बालाजी मंदिर के पास ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बॉडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा कर पुलिस ने जांच शुरू की। अचानक हादसे में वृद्ध की मौत होने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उन्हें अब भी यकीन नहीं की हादसे में हेमाराम की मौत हो गई।ओर पिकअप सवार युवक मौके से फरार हो गया।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### महिला पटवारी के घर में चोरी

**पाली**, (नि.स.)। पाली में एक पटवारी के घर चोरी हो गई। चोर सोने-चांदी के गहने 50 हजार रुपए कैश चोरी कर ले गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।औद्योगिक थाने की पाना चौधरी ने बताया कि पुलिस लाइन के पास कृष्णा नगर में रहने वाली पटवारी मंजू मोबारसा पत्नी दिनेश कुमार ने रिपोर्ट दी। उन्होंने बताया कि 3 जनवरी की रात को उसके मकान का ताला तोड़ चोर सोने-चांदी के गहने और 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। गहनों में उसके सोने का मंगलसूत्र, 4 नाक की फीणी, पाइजेब, बिछिया आदि आइटम थे। पिता के घर पर गई थी मंजू मोबारसा का पीहर शहर के राजीव कॉलोनी में है। पिता परिवार सहित धनला गांव किसी कार्यक्रम में गए थे। बच्चों की सर्दियों की छुट्टियां होने के चलते वह बच्चों के साथ गई थी। 2-3 जनवरी को वह परिवार सहित पिता के घर राजीव कॉलोनी थी। 4 जनवरी की सुबह उनके पति दिनेश कुमार अपने घर कृष्णा नगर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और अलमारी में रखे गहने और रुपए गायब मिले।

### जमीन विवाद में महिला का सिर फोड़ा

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में जमीन विवाद को लेकर एक 45 साल की महिला को उसके ही रिश्तेदारों ने बेरहमी से मारपीट की। जिसमें उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटे आई। चोटिल महिला को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां महिला के सिर और हाथ पर करीब 20 टांके लगाए गए। फिलहाल महिला का उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना पाली शहर के निकट स्थित मंडिया गांव में हुई। जमीन विवाद को लेकर चल रहे झगड़े के कारण सोमवार को मंडिया गांव निवासी 45 साल की केलीदेवी पत्नी पूसाराम पर उसके जेठ व अन्य लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया। मारपीट की इस घटना में केलीदेवी के सिर पर गंभीर चोट आई। परिजन घायल को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे। जहां महिला के फटे सिर में डॉक्टर ने टांके लगाए। फिलहाल महिला का उपचार जारी है। घटना को लेकर महिला के पति पूसाराम ने बताया कि जमीन को लेकर उसका अपने भाई से विवाद चल रहा है। इससे नाराज होकर आज उसकी पत्नी को अकेला देख उस पर हमला किया।

### राजेंद्र कुमार नायक ने दौरा किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन स्थित पंचायत समिति सभागार में सोमवार को राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक पहुंचे और उन्होंने वहां जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आयोजित प्रेस से बात करते हुये उन्होंने राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग राजस्थान सरकार की उपलब्धियों, सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी । इस अवसर पर नायक का माला साफा पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर मारवाड़ जंक्शन नायब तहसीलदार फूलाराम मीणा, उपप्रधान चौथाराम मेघवाल, सहायक विकास अधिकारी शौकत हुसैन राहुल नायक, राजू कोलपुरा, डूंगर सिंह राजपुरोहित, डॉ अब्दुल सतार, सहित अन्य उपस्थित थे।

### हार्डवेयर की दुकान में लगी आग

**जोधपुर**, (कासं) जोधपुर शहर के बोरानाडा क्षेत्र में सोमवार की दोपहर में एक हार्डवेयर की दुकान में आग लग गई। आग से हजारों का हार्डवेयर सामान जलकर नष्ट हो गया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड एवं शास्त्रीनगर से पहुंची दो दमकलों ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग लगने का प्रथम दृष्टया कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार बोरानाडा क्षेत्र में एक हार्डवेयर दुकान आई है। यहां पर सोमवार की दोपहर में आग लगने की सूचना पर चौहाबो और शास्त्रीनगर से दमकलों को भेजा गया। फायर ऑफिसर प्रशांत सिंह के साथ स्टाफ ने मिलकर आग को काबू में किया। दुकान में रखा काफी हार्डवेयर सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकान की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई। वक्त घटना दुकान बंद बताई जाती है। बाद शटर खुलवा कर आग को बुझाया जा सका।

### परेशान करने वाला लपका गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के नई सडक़ क्षेत्र में दुकानों पर काम के लिए रखे गए युवक देशी विदेशी पर्यटकों को सस्ती दर पर अपनी दुकान से माल खरीद के लिए परेशान करते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की तरफ से देशी विदेशी पर्यटकों को परेशान करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। एक सप्ताह के बीच अब तीसरी बाद लपके को पकड़ा है। उसके खिलाफ पर्यटक थाने में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस थाना पर्यटक के एएसआई पृथ्वी सिंह ने नई सडक़ पर देशी विदेशी पर्यटकों को एक फुट वियर पर खरीददारी करने के लिये तंग व परेशान कर रहे इन्द्रा कॉलोनी नागौरी गेट निवासी अर्जुन सिंह को पकड़ा गया है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बता दें कि एक सप्ताह के बीच में पुलिस ने यह तीसरी कार्रवाई की है।

# डंपर की टक्कर से दंपति व दो बच्चों की मौत से रोष, लोग धरने पर बैठे

**सायला**, (निसं)। सायला पुलिस थाना क्षेत्र के उन्नडी-पोषाणा के बीच मामाजी के मंदिर के पास भीनमाल-जीवाणा स्टेट हाइवे पर अवैध बजरी से भरे डंपर की टक्कर से बाईक सवार पति-पत्नी व दो बच्चों की मौत के बाद दुसरे दिन सोमवार को आक्रोशित परिजन व समाजबंधु सायला पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठ गए।

समाजबंधुओं ने मृतक उत्तमपुरी के परिवार को 2.5० करोड मुआवजा दिलाने, मृतक के 1० वर्षीय जीवित पुत्र राहुलपुरी की उम्र 18 वर्ष होने के बाद संविदा अथवा सरकारी नौकरी दिलाने, मृतक के बुजुर्ग माता-पिता के जीवन यापन के लिए सरकार द्वारा उचित व्यवस्था करवाने, डम्पर चालक व मालिक को कठोर सजा दिलाने, अवैध बजरी परिवहन पर नकेल कसने की मांग की। वही मांगों पर सहमति नही बनने पर चारों मृतकों का पोस्टमार्टम करवाने तथा शव उठाने से मना कर दिया। जिस पर जालोर वृताधिकारी गौतम जैन, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी व सीआई महेन्द्रसिंह ने पहुंचकर समझाइश का प्रयास किया। लेकिन परिजन व समाजबंधु लिखित आश्वासन नही मिलने तक मांगों पर अड़े रहे।



उन्नडी-पोषाणा के बीच मामाजी के मंदिर के पास अवैध बजरी से भरे डंपर की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व दो बच्चों की मौत से आक्रोशित लोगों ने सायला थाने के बाहर धरना दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

इसके बाद शाम को जिला कलेक्टर प्रदीप के. गवांडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव व सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई भी पुलिस थाना सायला पहुंचे तथा समाज के मौजिज लोगो से वार्ता की। साथ ही नियमानुसार मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिससे परिजन व समाजबंधु संतुष्ट नजर आए। इसके बाद परिजनों एवं समाजबंधुओं द्वारा जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन भी दिया गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक मृतकों के शव का पोस्टमार्टम नही हो पाया था।

गौतलब है कि बावतरा गांव निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी, उसकी पत्नी डिम्पल देवी, बेटी चिंटू और बेटे राजपुरी के साथ बाइक पर भीनमाल के कोरा गांव जाने के लिए निकला था। परिवार शोक सभा में शामिल होने जा रहा था। इस दौरान पोषाणा के पास सामने से आ रहे अवैध बजरी से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। ऐसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई रमेशपुरी पुत्र मांगपुरी ने डम्पर चालक के विरूद्ध तेज गति व लापरवाही से डम्पर चलाकर गलत दिशा में आकर बाइक के टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है।

#### मृतका 5-6 माह की गर्भवती थी

मृतक उत्तमपुरी के तीन संतानें है। जिसमें से बडा बेटा राहुलपुरी (1० वर्ष) ननिहाल में रहकर पढाई करता है। जबकि एक बेटी चिन्टू (8 वर्ष) व बेटा राजपुरी (5 वर्ष) माता-पिता के साथ बावतरा में रहते थे। सडक हादसे में पति-पत्नी समेत दो बच्चों चिन्टू व राजपुरी की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में जान गंवाने वाली मृतका डिम्पलदेवी पत्नी उत्तमपुरी 5-6 माह की गर्भवती भी थी।

#### डंपर चालक व मालिक गिरफ्तार

डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति व दो बच्चों की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी डंपर चालक फिरोज खान निवासी तेजा की बेरी व डंपर मालिक मेहबूब खान निवासी कोरी ध्वेचा को गिरफ्तार किया।

## पशुपालकों का पंजीकरण किया

**बालोतरा**, (निसं)। पशुपालन विभाग की ओर से बालोतरा के पास ग्राम पंचायत जसोल के ग्राम खारचों की ढाणी में ऊंटों का टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया।

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मोहम्मद नौशाद खान ने बताया कि ग्राम खारचों की ढाणी में आयोजित शिविर में 70 से अधिक ऊंटों में अंत: परजीवी व चर्म रोग के टीके लगाए गए। साथ शिविर के दौरान पशुपालकों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए ऑनलाइन पंजीकरण किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत किसानों को उनके मवेशियों, बकरियों और अन्य पशुधन के बीमा के साथ ही इलाज, टीकाकरण और देखभाल के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध करवाई जायेगी।

इसमें किसानों को उचित इलाज, टीकाकरण और पशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाती है, इससे उनके पशुधन के स्वास्थ्य में सुधार और उत्पादन क्षमता बढेगी। बताया कि गाय, भैंस, भेड, बकरी व ऊंट पालक पशुपालक परिवारों के पशुधन का रिस्क कवर होगा एवं पशुओं की आकस्मिक मृत्यु पर पशुपालक परिवारों को आर्थिक सम्बल भी प्रदान होगा।

शिविर में डॉ. वीरमाराम, पशुधन सहायक विक्रम सिंह समेत पशुपालन विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

# गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर कीर्तन दरबार सजा



पाली के सूरजपोल स्थित गुरूद्वारे में कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। सिखों के दसवें धर्म गुरु गुरु गोविंद सिंह गुरू पर्व पर सोमवार को सूरजपोल स्थित गुरुद्वारे में कई धार्मिक कार्यक्रम हुए।

सोमवार सुबह अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ और कीर्तन दरबार में लुधियाना से आए रागी जथा भाई जोगेंद्र सिंह ने शब्द कीर्तन किया। इस अवसर पर सचिव गोविंद सिंह लबाना ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला, और दानदाताओं का सम्मान किया। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान अमरजीत सिंह मखीजा ने भी गुरु गोविंद सिंह के जीवनी के बारे में बताया। इसके बाद महिला व पुरुषों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के सदस्यों का सहयोग रहा।

**जालोर संवाददाता के अनुसार :** हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर के तत्वावधान में गुरू गोविंद सिंह जयंती पर पुष्पांजलि व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था नगर अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेडिया ने बताया कि निजी कार्यालय में गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर पुष्पांजलि व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते मुख्य सचेतक विधानसभा व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित थे। अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के नाते समाजसेवी गणपतसिंह बगेडिया, दिनेश महावर, संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार, अमन मेहता, संजय बोराणा, योगेश दवे उपस्थित थे। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी सिखों के दसवें गुरु थे।गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिख धर्म को मजबूत किया था और अपने अनुयायियों को वे सच्चाई, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया करते थे। गुरु गोबिन्द सिंह ने पवित्र (ग्रन्थ) गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया तथा उन्हें गुरु रूप में प्रतिष्ठित किया। संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह अन्याय, अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए मुगलों के साथ 14 युद्ध लड़े।

## प्रकाश पर्व मनाया

**बाड़मेर**, (कासं)। बाड़मेर जिले में सीमा सुरक्षा बल की 76 वीर छिहत्तर बटालियन ने गुरुद्वारे में गुरू गोविन्द सिंह जयंती पर्व श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बीएसएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी।

गुरू गोविन्द सिंह की जयंती के अवसर पर गुरूद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान तथा उनके परिजन शामिल हुए। इस दौरान शब्द कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बटालियन कमांडेंट सतीश कुमार मिश्रा ने कार्मिकों तथा उनके परिवारजनों को नववर्ष एवं गुरू गोविन्द सिंह जयंती की बधाईयां दी। उल्लेखनीय है कि सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविन्द सिंह की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाती है। उन्होंने समाज में जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव को खत्म करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# 95 वर्ष से अधिक उम्र के सगे भाई-बहन एक ही दिन संसार से विदा

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर मे आज जीनगर समाज में एक अनूठी घटना सामने आई है। यहां 95 वर्ष से अधिक की उम्र के सगे भाई बहन ने एक ही दिन इस संसार से विदा हो गए।

जीनगर घाटी पंचायत के पूर्व अध्यक्षजवरी लाल डाबी सुपुत्र स्व. प्रतापजी डाबी तथा उनकी बड़ी बहन भंवरी देवी चौहान का देहावसान एक ही दिन हो गया है। बहन भंवरी देवी का सुबह जल्दी 5 बजे देहांत हुआ।

बहन के देहांत की खबर भाई जवाहरलाल को दी गई सुनते ही छोटे भाई जवाहरलाल ने उसी समय अपने प्राण त्याग दिए।

दोनों 95 वर्ष से अधिक की उम्र के थे। आज दोनों का अंतिम प्रतापनगर स्थिति जीनगर समाज के श्मशान घाट में संस्कार किया गया। दोनों के अंतिम दर्शन को लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।समाज के लोगों ने पहले बड़ी बहन भंवरी देवी का अंतिम संस्कार किया। उसके बाद भाई की शवयात्रा निकाली गई। दोनों का दाह संस्कार एक साथ किया गया।

जवरी लाल डाबी जीनगर पंचायत घाटी के अध्यक्ष रहते हुए सामाजिक कार्यों को निष्ठा पूर्वक करने के लिए पहचाने जाते थे, वहीं दूसरी ओर उनकी बड़ी बहन भंवरी देवी सामाजिक एवं धार्मिक सरोकारों से परिपूर्ण महिला थी ।जीनगर समाज संयुक्त महासभा समिति ट्रस्ट जोधपुर ने दोनों भाई बहन के देहावसान पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दुकान से युवक मोबाइल ले गया

- **मोबाइल खरीदने के बहाने महंगा हैंडसेट ले गया युवक**

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के मिनर्वा सेंटर में एक युवक मोबाइल शोरूम पर मोबाइल खरीदने के बहाने महंगा हैंडसेट लेकर चंपत हो गया। बाद में दुकानदार को पता लगा तो उसके पीछे गया, मगर वह नहीं मिला। दुकानदार की तरफ से उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से बदमाश की पहचान के प्रयास में जुटी है, फिलहाल उसका पता नहीं चला है। पुलिस ने पांच दिन बाद दर्ज किया। घटना 31 दिसम्बर की है।

नई सडक़ स्थित चमनपुरा गली नंबर 1 में रहने वाले सलमान सैयद ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी एक मोबाइल दुकान-शोरूम मिनर्वा सेंटर में आया है। जहां पर 31 दिसम्बर को दिन में एक युवक उसकी दुकान पर मोबाइल खरीद के बहाने आया।

उसने नामी कंपनी के मोबाइल दिखाने को कहा। इस बीच दुकानदार ध्यान बंटाकर वह एक नामी कंपनी का महंगा हैण्डसेट लेकर चलता बना। बाद में दुकानदार को पता लगने पर उसके पीछे भी गया मगर वह नहीं मिला। उदयमंदिर पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाश का पता लगाने का प्रयास जारी है।

## स्वावलंबी उपभोक्ता भंडार का गठन किया

**जोधपुर**, (कासं)। स्वाबलंबी भारत अभियान के तहत जोधपुर में स्वावलंबी उपभोक्ता भंडार का गठन किया गया।

भंडार के गठन का सार्वजनिक कार्यक्रम करणी नगर, जोधपुर स्थित क्षेत्रीय स्वावलंबन केंद्र में आयोजित किया गया।

भंडार के अध्यक्ष रमेश विश्नोई ने बताया कि जोधपुर शहर में लोगों को शुद्ध उपभोक्ता वस्तुएं उचित मूल्य पर इस भंडार से उपलब्ध करवाई जाएगी। जो पूर्णता कीटनाशक और रासायनिक तत्वों से मुक्त रहेगी। कार्यक्रम में बोलते हुए स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ धर्मेंद्र दुबे ने महाराष्ट्र और गुजरात प्रदेशों का उदाहरण देते हुए बताया कि जोधपुर में भी सहकारिता विषय पर काम करने की आवश्यकता है।

उपभोक्ता भंडार के कानूनी विशेषज्ञ एडवोकेट लिखमाराम उपाध्याय ने सहकारिता से संबंधित कानूनी विषयों को विस्तार से बताया। सहकार भारती के प्रांत मंत्री कमलेश गहलोत ने कहा कि इस भंडार के द्वारा अनाज, खाद्य तेल, साबुन मसाले आदि का सहकारिता के माध्यम से क्रय विक्रय किया जाएगा।

इस अवस पर कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक प्रमोद पालीवाल, भारतीय किसान संघ की विमला सियाग, लूणाराम सेन, नवरत्न, प्रियंका त्यागी, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के धर्मेंद्र सोनी, स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत प्रचार प्रमुख मिथिलेश झा, सह प्रचार प्रमुख राधेश्याम बंसल, जयप्रकाश नारायण, रमेश सोनी, दुर्गा सोनी, भावना पुरोहित, हंसराज पवार, राजेंद्र मेहरा, महेश वैष्णव, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# जालोर में गर्ग समाज की कार्यकारिणी का विस्तार व सम्मान समारोह आयोजित किया

**जालोर**, (कासं)। जिला मुख्यालय पर गर्ग समाज जालोर ने जालोर नगर एवं ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार एवं राजकीय सेवा में पदोन्नत व नवचयनित कर्मचारियों के लिए सम्मान कार्यक्रम भीनमाल रोड गर्ग आश्रम शिव मंदिर जालोर में भगवान शिव की मंगल आरती के साथ किया।

कार्यक्रम में अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार अध्यक्षता एवं प्रदेश संरक्षक श्याम सुन्दर सोलंकी सनवाडा, खुशपाल गर्ग प्रदेश सचिव एवं पीयूष गर्ग तहसीलदार लोहावट का के मार्गदर्शन में जालोर नगर एवं जालोर ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए।

इस दौरान कार्यक्रम में जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि समाज में आगे बढ रहे युवाओ को समाज द्वारा इस तरह के कार्यक्रम से उनका मनोबल बढेगा तथा समाज में और भी युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। समाज में जो कुरीतिया व्याप्त है, उन्हें बंद किया जावे और युवाओं को आगे बढाने के लिए समाज द्वारा आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर गर्ग समाज प्रदेश संरक्षक श्याम सुन्दर सोलंकी ने बताया की समाज में बालिका शिक्षा को बढावा देने एवम उनकी प्रगति के लिए समाज को अपना योगदान देना होगा, तभी बालिका शिक्षा और महिला आगे बढ़ सकेगी।

प्रदेश सचिव खुशपाल गर्ग ने अपने उद्बोधन में बताया कि समाज को जब भी आवश्यकता पड़े, तब एक आव्हान पर सभी समाजबंधू अपने मनमुटाव भूलकर तन, मन एवं धन से एकत्रित होकर कार्य करें, तभी समाज का विकास संभव होगा।



जालोर में मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में गर्ग समाज का राजकीय सेवा में पदोन्नत व नव चयनित कार्मिकों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

तहसीलदार लोहावट पीयूष गर्ग ने युवाओ को एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अध्ययन करना चाहिये तथा जब तक सफलता नहीं मिलती, तब तक अपने लक्ष्य के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

इस अवसर पर नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर प्रफुल्ल सोलंकी सनवाड़ा, भवानी शंकर सराना, किरण गर्ग कानीवाडा, प्रवीण गर्ग रिछोली, कमलेश गर्ग सेरना, डिम्पल कुमारी रेवत एवं शिक्षक भर्ती में चयनित दीपक बागरेचा हरियाली, दिलीप गर्ग रिछोली एवं पदोन्नत प्राध्यापक व कर्मचारी नोपाराम गर्ग रानीवाडा काबा, हडमताराम गर्ग सांफाडा, अनीता गर्ग जालौर, हरीश गर्ग सनवाडा, रमेश गर्ग जालौर, कलुचंद ऐलाना, जिला समाज कल्याण अधिकारी पद पर पदोन्नत महेश कुमार भीनमाल, नोटेरी पब्लिक नियुक्त पारस गर्ग, थलूण्डा, पदोन्नत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार का जोगेश्वर गर्ग, श्याम सुन्दर सोलंकी, खुशपाल गर्ग व पीयूष गर्ग ने माला, साफा एवम स्मृति चिन्ह देकर बहुमान किया । इस अवसर पर जालोर नगर कार्यकारणी के चुनाव सम्पन्न हुए । जिसमें जालोर नगर के संरक्षक पद पर महेश कुमार, लकाराम, जयरूपराम, बगदाराम को, सभाध्यक्ष पद पर जगजीवन गर्ग, विशनाराम गर्ग, अध्यक्ष पद पर भागीरथ गर्ग जालोर, उपाध्यक्ष पद पर सुभाष गर्ग वलदरा, भंवरलाल गर्ग लाल पोल, सचिव पद पर धर्मेन्द्र गर्ग जालोर, महामंत्री पद पर एडवोकेट जितेन्द्र गर्ग जालोर, मंत्री पद पर छगनलाल लेटा, संगठन मंत्री पद पर लालचंद गर्ग, मादाराम, राकेश करीयोजा, रामेश्वर गर्ग, प्रचार मंत्री पद पर राकेश देता, कोषाध्यक्ष पद पर सांवलाराम गर्ग, सह कोषाध्यक्ष पद पर मनीष बागरेचा, मीडिया प्रकोष्ठ पद पर हंसमुख गर्ग, सरकारी कर्मचारी पद पर छगनलाल गर्ग, सदस्य मनोहर, विक्रम गर्ग, कैलाश, पिंटू लेटा, सत्यप्रकाश, मोहनलाल को सर्व सहमति से निर्वाचित कर कार्यकारणी का विस्तार किया गया। जालोर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष नोपाराम गर्ग रानीवाड़ा कांबा, उपाध्यक्ष पद पर रूपाराम भागली, तेजाराम सरदारगढ, सचिव पद पर देवेन्द्र कुमार रेवत, कोषाध्यक्ष पद पर हरचंद भागली, सगठन मंत्री पद पर पीराराम सेरना, अर्जुन भागली, प्रकाश रायपुरिया, भगवानाराम रेवत, प्रसार मंत्री पद पर उत्तम धानसा, महामंत्री पद पर मुकेश कुमार देलदरी, मंत्री पद पर करसन कुमार भागली, सह कोषाध्यक्ष पद पर नकुल सेरना, सह सचिव पद पर सुरेश कुमार नारनावास एवम संरक्षक गोपाराम रेवत, भरत कुमार रायपुरिया, बाबूलाल रानीवाड़ा काबा, बगदाराम बागरा, बाबूलाल चांदना को निर्वाचित किया गया।

जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि नव चयनित नर्सिंग आफिसर, अध्यापक, एवं पदोन्नत कर्मचारी बंधुओं का बहुमान कर उनके समाज के प्रति दायित्व को बढाया हैं । नव निर्वाचित समस्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मंच का संचालन नोपाराम गर्ग रानीवाडा कांबा ने किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत तहसीलदार भंवरलाल गर्ग, सेवानिवृत प्रधानाचार्य मिश्रीलाल बागरेचा, सेवानिवृत अल्पसंख्यक अधिकारी मिश्रीमल गर्ग, प्रदेश मंत्री रमेश गर्ग पोषाणा, हडमताराम, वेदाराम गर्ग, चंपालाल गर्ग, गोपीलाल गर्ग, अमृत गर्ग गुड़ा बालोतान, सुरेश गर्ग थांवला, अधिवक्ता प्रताप गर्ग तडवा, भगवत गर्ग बेदाना, मालाराम, मनोहर देता, अरविन्द गर्ग, इन्द्र गर्ग कानिवाडा, मोमताराम गर्ग, सायला ब्लाक अध्यक अशोक कुमार, आहोर ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश गर्ग मिठडी, प्रदेश प्रतिनिधि अर्जुन लाल रेवतडा, मांगीलाल आसाना, कृष्ण कुमार गोल, भरत सोलंकी आहोर, गोरधन लाल चांदना, रमेश कुमार भागली, दिनेश देलदरी, लेखराज सांचोर, सुरेश मेड़ा, गोविन्द लाल पोल, हेमन्त गर्ग केशवना, पूरण प्रकाश गर्ग, छतराराम पहाड़पुरा एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

